तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री से.
न्यूनतम 20.0 डिग्री से.

हरिभूमि

जींद-कैथल भूमि

रोहतक, मंगलवार 13 अक्टूबर 2026

10 श्रद्धालुओं ने की माता ब्रह्मचारिणी की पूजा



10 बेटियों को समान अवसर और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना....



खबर संक्षेप

हांसी ब्रांच नहर पटरी पर बुला कर युवक को पीटा

जींद। हांसी ब्रांच नहर पटरी पर युवक पर हमला कर घायल करने पर शहर थाना पुलिस ने चार युवकों के खिलाफ विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। ओम नगर निवासी सन्नी ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि उसके मोहल्ले के ही सुमित ने बीती देर शाम को उसे फोन कर राजा की कोठी के निकट हांसी ब्रांच नहर पटरी पर बुला लिया। जहां सुमित के तीन दोस्त और मौजूद थे।

जिला स्तरीय रोलर स्केटिंग स्पर्धा 18 को

नरवाना। जिला उपायुक्त डॉ. वैशाली शर्मा, प्रधान एवं दीवान बाल कृष्ण उपप्रधान के मार्गदर्शन में 15वीं जिला स्तरीय रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता 18 अक्टूबर को डीबीके इंटरनेशनल स्कूल नरवाना के रिंक में आयोजित की जाएगी। अधिक जानकारी देते हुए जिला सचिव सुनील छाबड़ा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में जिले के सभी आयु वर्ग के लड़के एवं लड़कियां क्वाड व इनलाइन स्पीड में भाग ले सकते हैं। प्रतियोगिता में भाग लेने से पहले आरएसएफआई का रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है।

मकान का ताला तोड़कर जेवरात तथा नकदी चोरी

जींद। गांव कुचराना कलां में बीती रात चोरों ने एक मकान का ताला तोड़ कर सोने, चांदी के जेवरात तथा नगदी को चोरी कर लिया। अलेवा थाना पुलिस ने मकान मालिक की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव कुचराना कलां निवासी सतबीर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात वह परिवार समेत अपने कमरे में सोया हुआ था। पीछे से चोरी बगल वाले कमरे मे ताला तोड़ कर घुस गए और वहां से जेवर तीन हजार रुपये की नकदी अन्य दस्तावेज चोरी कर लिया।

अवैध पिस्तौल व कारतूस सहित आरोपी गिरफ्तार

कैथल। एंटी एक्सटॉर्शन सेल पुलिस टीम ने कैलरम से बालू रोड पर नहर पुल के पास कार्रवाई करते आरोपी को अवैध पिस्तौल और कारतूस सहित काबू किया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एंटी एक्सटॉर्शन सेल प्रभारी एएसआई तरसेम कुमार की अगुवाई में हेड कांस्टेबल देवेंद्र सिंह की टीम को गश्त दौरान एक गुप्त सूचना मिली कि कैलरम से बालू रोड पर नहर पुल के पास युवक अवैध देशी पिस्तौल लेकर खड़ा है। टीम ने दबिश देकर सौरभ उर्फ गोजा गांव बालू को काबू कर लिया गया।

अफीम बरामदगी मामले में वांछित सप्लायर दबोचा

कैथल। वर्ष 2020 दौरान 31 किलोग्राम अफीम बरामदगी मामले में वांछित सप्लायर आरोपी को सीआईए गुहला द्वारा काबू किया गया है। डीएसपी गुहला हरदीप सिंह ने बताया कि 12 जून 2020 को तत्कालीन सीआईए-2 के एएसआई प्रदीप कुमार की टीम द्वारा एक गुप्त सूचना मिलने उपरांत संजय बस्ती चीका स्थित रमेश कुमार के मकान पर दबिश दी गई, जहां मकान के सामने 3 संदिग्ध युवक एक हिरो स्प्लैंडर प्रो बाइक पर बैठे थे, जिनमें से बाइक चालक रमेश कुमार वासी संजय बस्ती चीका को पुलिस द्वारा काबु कर लिया गया।

अवैध रूप से वाहन ट्रांसफर करने का आरोपी गिरफ्तार

कैथल। लोनशुदा ट्रैक्टर की हाइपोथेकेशन फर्जी तरीके से हटवाने, वाहन को अवैध रूप से दूसरे व्यक्ति के नाम ट्रांसफर करवाने के मामले की जांच एंटी एक्सटोर्शन सेल प्रभारी एएसआई तरसेम कुमार की अगुवाई में एएसआई अनिल कुमार की टीम द्वारा करते आरोपी जाखौली अड्डा कैथल निवासी अशोक को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी अशोक भी उक्त गिरोह में शामिल था जो फर्जी एनओसी प्रिंट करवाता था। आरोपी का अदालत से 3 दिन पुलिस रिमांड हासिल किया गया।

एसडीएम सुमन यादव के आश्वासन पर खोला जाम, लोगों को उठानी पड़ी भारी परेशानी

नमी के नाम पर धान की खरीद नहीं होने से भड़के किसान, तीन घंटे हाइवे जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

पीआर धान की खरीद में नमी का हवाला देकर फसल नहीं खरीदने से नाराज किसानों ने सोमवार को हाईवे स्थित अतिरिक्त अनाज मंडी के सामने दिल्ली-पटियाला नेशनल हाईवे पर करीब तीन घंटे तक जाम लगाया। किसानों ने सड़क के दोनों तरफ ट्रैक्टर खड़े कर बीच सड़क पर धरना दिया। जाम की सूचना मिलने पर एसडीएम सुमन यादव (आईएएस) मौके पर पहुंचीं और किसानों की समस्याएं सुनीं। एसडीएम के आश्वासन के बाद किसान जाम खोलने को तैयार हुए। दोपहर 12 बजे लगाया गया जाम करीब 3 बजे खोला गया। इसके बाद हाईवे पर यातायात सुचारु हो गया। मंडी में अब तक करीब 1,10,691 क्विंटल धान की आवक हो चुकी है, जबकि 68,293 क्विंटल धान की खरीद की जा चुकी है। मौके पर डीएसपी संजय सिंह, मार्केट कमेटी सचिव योगेश कुमार और खरीद एजेंसी के इंस्पेक्टर अजय कुमार भी मौजूद रहे। किसानों ने आरोप लगाया कि उनकी फसल में नमी बताकर कम भाव पर खरीद की जा रही है। उन्होंने मांग की कि यदि फसल में 17 प्रतिशत तक नमी है तो उसे निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीदा जाए। किसानों ने एसडीएम के सामने मांग रखी कि 17 प्रतिशत नमी वाली फसल को निर्धारित मानकों के अनुसार खरीदने और पूरे भाव का भुगतान सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी कौन लेगा। इस पर एसडीएम सुमन यादव ने कहा कि इसकी जिम्मेदारी वह लेती हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिस किसान की धान की ढेरी में 17 प्रतिशत तक नमी है और फसल नियमानुसार है, उसे 2461 रुपये प्रति क्विंटल के एमएसपी पर खरीदा जाएगा। यदि कोई किसान से कटौती के नाम पर रुपये मांगता है तो किसान लिखित शिकायत सबूत के साथ दे, ताकि संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जा सके। किसानों ने कहा कि उनके खाते में एमएसपी के 2461 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से भुगतान तो आता है, लेकिन बाद में उनसे रुपये वापस मांग लिए जाते हैं। इस पर एसडीएम ने किसानों से ऐसे लोगों के नाम बताने और लिखित शिकायत देने को कहा। कहा कि यदि कोई कम भाव पर फसल खरीदता है या किसान से रुपये वापस मांगता है तो इसकी जानकारी दें।

मंडी में अब तक करीब 1,10,691 क्विंटल धान की आवक हो चुकी



उचाना। जाम लगा रहे किसानों की समस्या सुनते एसडीएम सुमन यादव।

हाईवे पर वाहनों की लगी लंबी कतारें

किसानों के जाम के चलते दिल्ली-पटियाला नेशनल हाईवे के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। पुलिस ने यातायात को सुचारु बनाए रखने के लिए वाहनों को वैकल्पिक रास्तों से डायवर्ट किया। वाहन रजबाहा रोड से अंडरपास होते हुए लिंक मार्गों के जरिए अपने गंतव्य की ओर रवाना हुए।



डेरियों में 16 से 22 प्रतिशत तक मिली नमी

एसडीएम सुमन यादव ने बताया कि किसानों की मांग थी कि 17 प्रतिशत तक नमी वाली धान की फसल को 2461 रुपये प्रति क्विंटल के एमएसपी पर खरीदा जाए। उन्होंने कहा कि सरकारी नियमों के अनुसार मानकों पर खरी उतरने वाली फसल की खरीद निर्धारित भाव पर की जाएगी। किसी भी किसान को बेवजह परेशान नहीं होने दिया जाएगा। एसडीएम के अनुसार, मंडी में धान की ढेरियों पर जाकर नमी की जांच भी करवाई गई।

कैथल मंडी में ट्रांसपोर्टरों की गाड़ियों का होगा भौतिक सत्यापन : राणा



कैथल। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा खरीदारों से बातचीत करते।

कैथल। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कैथल अनाज मंडी में धान उठान में हो रही देरी की शिकायतों पर संज्ञान लेते एसडीएम को ट्रांसपोर्टरों द्वारा उपलब्ध करवाई गाड़ियों का भौतिक सत्यापन करने के निर्देश दिए। कैथल विस्तार मंडी में कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा के दौरे के दौरान उनके समक्ष शिकायत रखी संबंधित ट्रांसपोर्टर द्वारा निर्धारित संख्या में गाड़ियां उपलब्ध नहीं करवाई जा रही हैं, जिसके कारण मंडी से धान का उठान प्रभावित हो रहा है। इस पर मंत्री ने एसडीएम को गाड़ियों की वास्तविक उपलब्धता की जांच कर रिपोर्ट लेने के निर्देश दिए। इसके अलावा, गेट पास काटने में आ रही नेटवर्क संबंधी दिक्कत को देखते उन्होंने संबंधित अधिकारियों को नेटवर्क की गति बढ़ाने के निर्देश दिए, ताकि खरीद पर प्रक्रिया और धान के उठान में अनावश्यक देरी न हो।

नाजायज तबादलों के विरोध में बिजली कर्मचारियों का धरना 25वें दिन भी जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

एचएसईबी वर्कर यूनियन से संबंधित सभी सब यूनिटों के आह्वान पर बिजली कर्मचारियों ने डिविजन प्रांगण पूंडरी में नाजायज तबादलों के विरोध में धरना प्रदर्शन किया। यूनिट पूंडरी की ओर से आयोजित यह धरना सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक जारी रहा। कर्मचारियों का धरना 25 वें दिन भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता यूनिट सचिव राममेहर जेई ने की, यूनियन पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि विधायक पूंडरी द्वारा विभाग के नियमों के खिलाफ गलत काम करने के लिए कर्मचारियों पर नाजायज दबाव बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों के किए गए नाजायज तबादलों को लेकर उनमें भारी रोष है। राममेहर जेई ने कहा कि विधायक पूंडरी व निगम प्रशासन अपनी हठधर्मिता और तानाशाही रवैया अपनाए हुए हैं। उन्होंने कहा कि बिजली विभाग के कर्मचारियों के खिलाफ विवादित बयानबाजी कर उन्हें बदनाम करने का प्रयास किया जा रहा है। पूंडरी प्रवीण, सब यूनिट पदाधिकारी सुशील मौजूद थे।



मीटर बाहर निकालने पहुंचा अमला बैरंग लौटा

- कहा-भले उन्हें कम बिजली मिले नही निकलने देंगें मीटरों को बाहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव अनूपगढ़ में बिजली मीटरों को बाहर निकालने पहुंचा प्रशासनिक अमला ग्रामीणों के विरोध के चलते बैरंग लौट आया। ग्रामीणों ने दो टूक कहा कि उन्हें बिजली भले ही कम मिले लेकिन बिजली मीटरों को घरों से बाहर नही निकलने देंगें। इससे पूर्व हालात तनावपूर्ण होते शाम को अमला बिना मीटर बाहर निकाले वापस लौट आया। सोमवार को बिजली निगम का अमला बिजली मीटरों को बाहर निकालने के लिए पहुंचा था। योजना को अमलीजामा पहनाने के लिए तहसीलदार शालिनी लाठर को डयूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया था। साथ में सदर थाना प्रभारी मनीष भी पुलिसबल के साथ पहुचे थे। बिजली निगम का अमला अपना काम शुरू करता। जिसके साथ ग्रामीण एकजुट होकर विरोध में उतर आए। बिजली निगम के अधिकारियों ने ग्रामीणो को जगमग योजना के तहत 24 घंटे बिजली देने बात कही। ग्रामीणों ने साफ कहा कि उन्हें भले ही 16 घंटे बिजली मिले, मीटरों को बाहर नही निकलने देगे। अधिकारियों ने काफी समय तक ग्रामीणों को समझाने की कोशिश की लेकिन ग्रामीणों ने उनकी एक नही सुनी।



जींद। विरोध करते ग्रामीण। *फोटो :हरिभूमि*

तोड़फोड़ का जिम्मेदार कौन

ग्रामीणों के तेवरों को देखते अमला ने कार्य शुरू न करना मुनासिब समझा। जिस पर शाम को अमला बिना बिजली मीटर बाहर निकाले वापस लौट आया। ग्रामीणों को कहना था कि बाहर मीटर निकालने के बाद उसे तोडफ़ोड़ या छेड़छाड़ की जिम्मेवारी कौन लेगा। ऐसे हालातों में ग्रामीण क्या करेंगें। उन्होंने साफ कहा कि वे बिजली मीटरों को किसी भी सूरत मे घरो से बाहर नही निकलने देगे। एक्सईएन विकास ने बताया कि योजना का लाभ देने के लिए बिजली मीटर घरों बाहर निकालने के अमला गांव अनूपगढ़ पहुंचा था। जिस पर ग्रामीण विरोध पर उतर आए। जिस पर अमला वापस लौट आया। फिर ग्रामीणों को समझाने की कोशिश की जाएगी।

जींद में डेंगू का एक और मरीज मिला, आंकड़ा 15

जींद। जिले में डेंगू के मामलों में बढ़ोत्तरी का सिलसिला जारी है। रधाना गांव में एक को डेंगू संक्रमण की पुष्टि हुई है। इसके साथ ही जिले में इस सीजन में डेंगू के मरीजों की संख्या बढ़कर 15 हो गई है। नए मामले के सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग के सामने संक्रमण की रोकथाम और लोगों को मच्छरों से बचाव के प्रति जागरूक करने की चुनौती बनी हुई है। इससे पहले भी जिले में डेंगू के मामले सामने आ चुके हैं। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार अब कुल संख्या 15 तक पहुंच गई है। यह आंकड़े बताते हैं कि मच्छरजनित बीमारियों से बचाव के लिए लगातार सतर्कता बरतने की जरूरत है। इसके अलावा जिले में छह मामले मलेरिया के भी अब तक आएं है। स्वास्थ्य विभाग ने 1250 लोगों को लार्वा मिलने पर नोटिस भी दिए हैं।

डिप्टी स्पीकर ने शतचंडी पाठ में की विधिवत पूजा



जींद। सफीदों नगर के ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व के प्रतीक श्री नागक्षेत्र मंदिर में चल रहे मां भगवती शतचंडी पाठ में हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने शिरकत की। मंदिर प्रांगण में पहुंचने पर श्री नागक्षेत्र सुधार समिति के पदाधिकारियों ने उनका अभिनंदन किया। डा. कृष्ण मिड्ढा ने आचार्य संजय अपराजिता के सानिध्य में विधिवत पूजा अर्चना कर मां भगवती का आशीर्वाद प्राप्त किया तथा क्षेत्र की सुख, समृद्धि, खुशहाली और जनकल्याण की कामना की। डिप्टी स्पीकर ने मां भगवती के चरणों में शीश नवाकर अपनी आस्था व्यक्त की। उन्होंने शतचंडी पाठ के धार्मिक एवं आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालते कहा कि मां भगवती की आराधना भारतीय संस्कृति और सनातन परंपराओं का महत्वपूर्ण हिस्सा है। डा. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि धार्मिक अनुष्ठान समाज में आध्यात्मिक चेतना जागृत करने के साथ लोगों को अपनी संस्कृति और संस्कारों से जोडने का कार्य करते हैं। मां भगवती की उपासना से श्रद्धालुओं को मानसिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त होती है। ऐसे आयोजन व्यक्ति को धर्म, सेवा और सदाचार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि मां भगवती के शतचंडी पाठ का विशेष धार्मिक एवं आध्यात्मिक महत्व है। मां भगवती की कृपा और आशीर्वाद से श्रद्धालुओं को जीवन में नई ऊर्जा तथा कठिन परिस्थितियों का सामना करने का संबल मिलता है। ऐसे धार्मिक आयोजन हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को सहेजने और भावी पीढ़ी तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

रानी तालाब पर डाक विभाग ने जारी किया विशेष आवरण

जींद। राष्ट्रीय डाक सप्ताह 2026 के अवसर पर भारतीय डाक विभाग के करनाल मंडल की ओर से जींद के प्रसिद्ध रानी तालाब पर विशेष डाक आवरण जारी किया गया। इस पहल का उद्देश्य जींद की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने के साथ इसे व्यापक स्तर पर पहचान दिलाना है। विशेष आवरण का विमोचन करनाल मंडल के प्रवर डाक अधीक्षक सुमीत गट्ट (आईपीओएस) अधीक्षक डाकघर (मुख्यालय) संजय कुमार, प्रवर डाकपाल परमिंदर तथा सहायक अधीक्षक डाकघर (मुख्यालय) राजेश कुमार ने किया। इस अवसर पर रानी तालाब को फिलैटली के माध्यम से लोगों तक पहुंचाने की पहल को महत्वपूर्ण बताया गया है। डाक विभाग के अनुसार फिलैटली का अर्थ डाक टिकटों, विशेष डाक आवरणों, डाक मुहरों और डाक इतिहास से जुड़ी सामग्री का अध्ययन एवं संग्रह करना है। यह केवल शौक नही बल्कि इतिहास, कला, संस्कृति और विरासत को जानने का भी माध्यम है।



जींद के प्रसिद्ध रानी तालाब पर विशेष डाक आवरण जारी करते अधिकारी।



पूंडरी। विधायक सतपाल जांबा विकास कार्यों का शिलान्यास करते।

1.67 करोड़ के विकास कार्यों का किया शिलान्यास

पूंडरी। नगर पालिका पूंडरी तथा ग्राम पंचायत हजवाना, बदनारा और दुसैन में लगभग 1 करोड़ 67 लाख रुपये की लागत से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का सोमवार को विधायक सतपाल जाम्बा ने शिलान्यास किया। इन विकास कार्यों में सड़क निर्माण, इंटरलॉकिंग पेवर ब्लॉक सड़कें, चौपालों एवं धर्मशालाओं की मरम्मत, शेड निर्माण तथा अन्य जनसुविधाओं से संबंधित कार्य शामिल हैं। विधायक सतपाल जाम्बा ने संबंधित कार्य एजेंसियों और विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी विकास कार्य निर्धारित समयावधि में पूरे किए जाएं तथा निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों को निर्धारित मानकों के अनुरूप पूरा करना संबंधित विभागों और कार्य एजेंसियों की जिम्मेदारी है। विधायक ने कहा कि विकास कार्यों के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी तरीके से अपनाई गई है।

पुलिस ने दिल्ली जाने वालों के लिए जारी की एडवाइजरीः जाने से पहले यात्रा का उद्देश्य, मार्ग और संभावित समय ध्यान में रख कर योजना बनाएं

दिल्ली में चल रहे विरोध, प्रदर्शनों के मद्देनजर यात्रा से परहेज की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला पुलिस ने दिल्ली में चल रहे विरोध, प्रदर्शनों को देखते हुए सुरक्षा के मध्यनजर यात्रियो के लिए एडवाइजरी जारी की है। दिल्ली मे सुरक्षा व्यवस्था एवं यातायात प्रबंधन में किए जा रहे बदलावों को देखते हुए जिला पुलिस ने दिल्ली जाने वाले लोगों को यात्रा संबंधी सावधानियां बरतने की सलाह दी है। जिले से काफी संख्या में यात्री, विद्यार्थियों, नौकरी पेशा वाले व्यापारी मरीज तथा अन्य कामकाज के सिलसिले मे दिल्ली जाते हैं। दिल्ली मे चल रहे प्रदर्शनों के चलते यातायात व्यवस्था मे बदलाव किए जा रहे हैं। जिसके चलते दिल्ली जाने वाले लोगो को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। जिला पुलिस दिल्ली जाने वाले लोगों को यात्रा शुरू करने से पहले संबंधित मार्गों की स्थिति एवं यातायात संबंधी आधिकारिक अपडेट अवश्य जांचने को कहा है। दिल्ली जाने से पहले अपनी यात्रा का उद्देश्य, मार्ग और संभावित समय ध्यान में रख कर योजना बनाएं। यातायात में बदलाव या देरी की संभावना होने पर अतिरिक्त समय लेकर घर से निकलें ताकि गतव्य तक पहुचने मे परेशानी न हो। जिले से दिल्ली जाने वाले लोगों को दिल्ली में रेलवे स्टेशन, बस अड्डे, अस्पताल या किसी अन्य जरूरी स्थान पर पहुंचना हो तो यात्रा से पहले संबंधित परिवहन सेवा और मार्ग की स्थिति की जानकारी लें। जरूरी काम के लिए निकलने वाले लोग संभावित देरी को भी ध्यान में रखें। दिल्ली मे किसी क्षेत्र में प्रदर्शन, यातायात प्रतिबंध या पुलिस द्वारा निर्धारित मार्ग परिवर्तन लागू हो तो संबंधित अधिकारियों के निर्देशों का पालन करें। अनावश्यक रूप से भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में जाने से बचें और वैकल्पिक मार्ग अपनाने से पहले आधिकारिक यातायात अपडेट जांचें। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत सक्षम प्राधिकारी द्वारा जनसुरक्षा, शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए जा सकते हैं। यदि दिल्ली में किसी क्षेत्र में धारा 163 के तहत आदेश लागू हों, तो नागरिक संबंधित आदेशों में तय प्रतिबंधों एवं निर्देशों का पालन करें। आदेशों के उल्लंघन से बचें तथा प्रशासन और पुलिस द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप ही आवागमन करें। दिल्ली में यातायात प्रतिबंध, परिवहन सेवाओं के बंद होने या किसी अप्रिय घटना से संबंधित जानकारी साझा करने से पहले उसकी सत्यता की पुष्टि करें। पुरानी वीडियो या अपुष्ट संदेशों के आधार पर अपनी यात्रा की योजना न बनाएं।

आधिकारिक सूचनाओं पर भरोसा करने और अनावश्यक परेशानी से बचने सलाह



पुलिस और प्रशासन का सहयोग करें

एसपी कुलदीप सिंह ने बताया कि दिल्ली जाने वाले लोगों के लिए एडवाइजरी जारी की है ताकि परेशानी का सामना न करना पड़े। कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें। शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस और प्रशासन का सहयोग करें। किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें, भीड़ का हिस्सा बनने से बचें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना संबंधित पुलिस को दें।

आपात स्थिति में रखें जरूरी संपर्क जानकारी

यात्रा के दौरान अपने परिवार को यात्रा संबंधी जानकारी दें। किसी आपात स्थिति में तत्काल सहायता के लिए डायल 112 का उपयोग करें। यातायात संबंधी जानकारी के लिए संबंधित यातायात पुलिस के आधिकारिक माध्यमों से अपडेट प्राप्त करें।

खबर संक्षेप

जींदः बाल भवन में 21 से सजेगा प्रतिभाओं का मंच

जींद। बच्चों की छिपी प्रतिभा को मंच देने और उनकी रचनात्मकता को नई उड़ान देने के लिए जींद में जिला स्तरीय बाल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। बाल दिवस के उपलक्ष्य में जिला बाल कल्याण परिषद की ओर से 21 से 30 अक्टूबर तक बाल भवन जींद में विभिन्न प्रतियोगिताएं करवाई जाएंगी। इनमें जिले के राजकीय निजी स्कूलों के विद्यार्थी अपनी कला, संगीत, नृत्य, साहित्यिक अभिव्यक्ति और रचनात्मक कौशल का प्रदर्शन करेंगे।

बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के प्रति किया जागरूक

जींद। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नगूरां में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगूरां चिकित्सा प्रभारी डा. दीक्षा ने की। इस दौरान नगूरां चिकित्सा प्रभारी द्वारा कर्मचारियों तथा लोगों को समाज में बेटा, बेटी के प्रति समान दृष्टिकोण अपनाने की शपथ दिलाई गई। डा. दीक्षा यादव ने बताया कि नगूरां पीएचसी में एक कन्या शिशु का जन्म हुआ। इस दौरान परिवार में पहली बेटी के जन्म की खुशी में नवजात बच्ची के माता-पिता एवं परिजनों द्वारा मिठाई वितरित कर खुशी मनाई गई। आज लड़के व लड़की में कोई फ र्क नहीं है। फ र्क केवल सोच का है।

दो महिलाएं संदिग्ध हालात में लापता

जींद। जिले में अलग-अलग स्थानों से दो महिलाओं के संदिग्ध हालात में गायब होने पर सदर थाना पुलिस ने शिकायतों के आधार अज्ञात लोगों के खिलाफ मामले दर्ज किए हैं। गांव सिवाहा निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दस अक्टूबर को उसकी पत्नी घर से जींद कार्यालय के लिए निकली थी। जिसके बाद वह घर वापस नही लौटी। उसका मोबाइल फोन भी स्विच ऑफ आ रहा है। वहीं गांव गोबिंदपुरा से भी गत दस अक्टूबर को 28 वर्षीय महिला भी घर से संदिग्ध हालात में गायब हो गई।

छात्रों को साक्षात्कार के गुर सिखाए

जींद। होटल, पर्यटन रिसोर्ट और प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में युवाओं के लिए रोजगार की व्यापक संभावनाएं हैं। इन क्षेत्रों में सफलता हासिल करने के लिए केवल शैक्षणिक डिग्री पर्याप्त नहीं है बल्कि प्रभावी संवाद कौशल, आत्मविश्वास, व्यावसायिक व्यवहार और साक्षात्कार की बेहतर तैयारी भी जरूरी है। यह बात मदवि रोहतक के होटल एवं पर्यटन प्रबंधन संस्थान के प्रो संजीव ने चौधरी रणबीर सिंह विवि में व्याख्यान के दौरान कही। व्याख्यान का उद्देश्य विद्यार्थियों को आतिथ्य उद्योग में उपलब्ध रोजगार के अवसरों से परिचित कराना था।

सुभाष संयोजक, सुरेश बने सहसंयोजक

जुलाना। जुलाना कस्बे के लेबर शेड में सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन के कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता सीटू के प्रधान सुभाष पांचाल ने की। बैठक में संगठन को मजबूत करने और मजदूरों व कर्मचारियों की मांगों को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान सर्वसम्मति से सुभाष पांचाल को संयोजक और सुरेश करसोला को सहसंयोजक चुना गया। इसके साथ ही संगठन के कार्यों को सुचारू रूप से चलाने के लिए 15 सदस्यीय कमेटी का गठन भी किया। बैठक में सीटू के जिला प्रधान रमेश व आशा वर्कर यूनियन की जिला प्रधान राजबाला ने विशेष रूप से शिरकत की।

महिला पुरस्कारों के लिए पांच तक करें आवेदन

जींद। महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी सीमा रोहिला ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस आठ मार्च 2027 के अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट, सराहनीय एवं उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने वाली महिलाओं को सम्मानित करने के लिए महिला पुरस्कारों हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। पात्र एवं इच्छुक महिलाएं आगामी पांच नवंबर तक विभाग के ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकती हैं।

नवरात्र के दूसरे दिन खचाखच भरे रहे मंदिर

श्रद्धालुओं ने की माता ब्रह्मचारिणी की पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जगह-जगह कीर्तन से शहर मां दुर्गा की भक्ति में लीन

शारदीय नवरात्र के दूसरे दिन सोमवार को भी मंदिर श्रद्धालुओं से खचाखच भरे रहे। नवरात्रों में शहर में जगह-जगह कीर्तन आयोजित होने के कारण पूरा शहर मां दुर्गा की भक्ति में लीन हो गया है। जैसे-जैसे शाम होनी शुरू होती है वैसे-वैसे मंदिरों में भी श्रद्धालुओं की संख्या भी बढ़ने लगती है। नवरात्रों के दूसरे दिन भक्तों ने मां ब्रह्मचारिणी की पूजा अर्चना की। जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने बताया कि सुबह पांच बजे से ही मंदिर में भक्तों की लाइन लगनी शुरू हो जाती है। जिनमें महिलाओं तथा छोटे बच्चों की संख्या अधिक होती है। उन्होंने बताया कि अन्य दिनों की अपेक्षा नवरात्रों में भक्तों की भीड़ मंदिरों में ज्यादा जुटती है। श्रद्धालु जल्द से जल्द मां दुर्गा के दर्शनों के अभिलाषी होते हैं। श्रद्धालुओं का यह क्रम सुबह 11 बजे तक चलता है। शाम पांच बजे से श्रद्धालु फिर से मंदिर में आना शुरू हो जाते हैं। उन्होंने बताया कि मंदिर परिसर में नवरात्र पर्व पर जागरण का आयोजन किया जा रहा है। इसके अलावा शहर के रघुनाथ मंदिर, शीतला माता मंदिर, वैष्णवी धाम, बनभौरी माता, राधा कृष्ण मंदिर, दुर्गा मंदिर, हनुमान मंदिर में आयोजित सत्संग तथा कीर्तनों से पूरा शहर भक्तिमय हो गया है। माता वैष्णवी धाम के आचार्य पवन शर्मा ने कहा कि दो शब्दों के संयोग से बना है नवरात्र। नव का अर्थ है नौ व रात्र का अर्थ है रात्रि समूह। नवाणां रात्रीणां समाहार नवरात्रं। इन नवरात्रों में भारतवर्ष की समस्त जनता अषुभ की निवृति और शुभ की प्राप्ति के लिए मां दुर्गा की संपूर्ण श्रद्धा एवं निष्ठा के साथ पूजा उपासना में रत रहती है। दुर्गा शब्द का अर्थ है जो दुर्गति का नाश करे। हमारे धर्मग्रंथों में इस बात के स्पष्ट प्रमाण हैं। जब-जब देवताओं अथवा मनुष्यों को शक्ति की आवश्यकता अनुभव हुई। तब-तब उनको इन भगवती मां अम्बा की आराधना से शक्ति की प्राप्ति हुई है। देवी पुराण में उल्लेख आता है कि भगवान शिव ने इनकी आराधना करके सर्व सिद्धियां प्राप्त की व मां भगवती की कृपा से उनका आधा अंग देवी का बन गया। इसके फलस्वरूप वे जगत में अर्धनारीश्वर के रूप में विख्यात हुए।



जींद। माता वैष्णवी धाम में आयोजित नर्वाण महायज्ञ में आहुति देते श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि

ये रहे मौजूद

ये महाषक्ति ही नवदुर्गा है और ये ही दस महाविद्या है। ये ही सृजन, पालन व संहार करने वाली आदिनारायणी शक्ति है। आज जो संपूर्ण विश्व में अशांति छाई हुई है। लोग रोग व शोक से ग्रसित होते जा रहे हैं। इसका एकमात्र कारण शक्ति की आराधना से विमुख होना है। अतः जरूरत है शक्ति आराधन की। और मां की आराधना के लिए प्रशस्त काल है नवरात्र। इस मौके पर पूर्व वीसी डा. अविनाश चावला, भाजपा नेता शिवनारायण शर्मा, वृंदा शर्मा, विनोद मंगला, प्रदीप बतरा एडवोकेट, विरेंद्र लाठर, विनोद गर्ग, जय कुमार गर्ग व सौरभ गोयल ने सपरिवार मां शैलपुत्री की पूजा अर्चना कर महायज्ञ में आहुति दी।

पीएचसी नगूरां बनी गर्भवती महिलाओं के लिए वरदान, डिलीवरी का आंकड़ा बढ़ा

- आंकड़ों की बढ़ोत्तरी, कर्मचारियों की मेहनत का परिणाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अलेवा

पीएचसी नगूरां ने जहां प्रदेश में सर्वोच्च कायाकल्प का पुरस्कार अपने नाम किया है वहीं गर्भवती महिलाओं के डिलीवरी के मामले में भी पीएचसी लोगों के दिलों में जगह बनाती जा रही है। डिलीवरी के मामले में अगस्त तथा सितंबर महीने की बात करें तो डिलीवरी का आंकड़ा 25 के पार पहुंच चुका है। नगूरां चिकित्सा प्रभारी डा. दीक्षा यादव ने इसका श्रेय गांव की सरपंच तथा ब्लाक समिति चेयरमेन राहुल को दिया है। ब्लाक समिति चेयरमेन राहुल ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग ने नजदीकी डिलीवरी हट खोल कर नगूरां तथा आसपास गांव के लोगों को तोहफा देने का काम किया है। अब गर्भवती महिलाओं को प्रसव पीड़ा के दौरान अपनी नजदीकी डिलीवरी केंद्र पर जाकर डिलीवरी कराने में आसानी होगी। उनका कहना है कि नगूरां पीएचसी में डिलीवरियों के आंकड़ा के साथ ही अन्य सुविधाओं में इजाफा होने से निकटवर्ती गांवों की गर्भवती महिलाओं तथा लोगों को ईलाज के लिए दूर दराज स्वास्थ्य केंद्रों का रूख नहीं करना पड़ेगा। पीएचसी में स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार होने से लोगों को पहले से बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकेंगी।

महिलाओं के लिए कई योजनाएं संचालित

भारत सरकार द्वारा सुरक्षित प्रसव और गर्भवती महिलाओं की देखभाल के लिए कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इन योजनाओं के तहत सरकारी अस्पतालों में मुफ्त इलाज, मुफ्त दवाइयां, मुफ्त एम्बुलेंस और सीधे बैंक खाते में वित्तीय सहायता दी जाती है। इसके अलावा जननी सुरक्षा योजना में संस्थागत प्रसव तथा सरकारी अस्पताल में डिलीवरी को बढ़ावा देना है। इसके तहत डिलीवरी के बाद महिला के बैंक खाते में सीधी नकद राशि भेजी जाती है। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं को उनके अच्छे पोषण और आराम के लिए वित्तीय मदद देती है। इसके तहत देश की सभी गर्भवती महिलाओं को प्रत्येक महीने की नौ तारीख को नजदीकी सरकारी अस्पताल या स्वास्थ्य केंद्र में प्रसव पूर्व व्यापक और गुणवत्तापूर्ण जांच बिल्कुल निरूशुल्क प्रदान की जाती है। इसमें डाक्टर द्वारा उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था की पहचान कर विशेष देखभाल की जाती है।

अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के दिए निर्देश

जींद। आमजन की समस्याओं का जल्द समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में एडीसी प्रदीप कुमार ने समाधान शिविर में लोगों की शिकायतें सुनीं। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत पर गंभीरता से कार्रवाई करते हुए लोगों को राहत प्रदान की जाए। समाधान शिविर में जींद शहर की न्यू हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी एक व्यक्ति ने झुके हुए बिजली के खंभे और ढीली पड़ी बिजली की तारों को ठीक करवाने की मांग रखी। जलालपुर निवासी सुरेंद्र कुमार ने इंतकाल को तहसीलदार के स्तर पर सत्यापित करवाने का अनुरोध किया।



मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य दोनों महत्वपूर्ण

जींद। मोतीलाल नेहरू पब्लिक विद्यालय में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, मानसिक स्वास्थ्य और सकारात्मक जीवनशैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सोमवार को विशेष काउंसलिंग सत्र आयोजित किया । मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना, परीक्षा के अंकों एवं अभिभावकों की अपेक्षाओं से उत्पन्न दबाव को समझने में सहायता करना तथा मोबाइल की बढ़ती लत से बचाव के उपायों के प्रति जागरूक करना है। विद्यालय का मानना है कि शिक्षा का उद्देश्य केवल अच्छे अंक प्राप्त करना नही बल्कि विद्यार्थियों को मानसिक रूप से मजबूतए आत्मविश्वासीए जिम्मेदार और संवेदनशील नागरिक बनाना भी है। आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में विद्यार्थियों के सामने पढ़ाई, परीक्षाए अच्छे अंक प्राप्त करने, भविष्य के करियर और परिवार की अपेक्षाओं को पूरा करने जैसी अनेक चुनौतियां हैं। विद्यालय का दायित्व केवल पाठ्यक्रम पूरा करवाना और परीक्षा परिणाम बेहतर बनाना नहीं है बल्कि विद्यार्थियों को जीवन की चुनौतियों का सामना करने के लिए सक्षम बनाना भी है।

सप्ताह में एक दिन सूखा दिवस मनाने का आह्वान

जींद। स्वास्थ्य विभाग द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खरकरामजी के अंतर्गत आने वाले निडानी गांव में स्वास्थ्य सुपरवाइजर विजेंद्र सिंह व तेजवीर सिंह के नेतृत्व में स्वास्थ्यकर्मियों की टीम ने फीवर मास सर्वे अभियान चलाकर लोगों को मलेरिया एवं अन्य बीमारियों से बचाव के प्रति जागरूक किया जा रहा है। तेजवीर सिंह व विजेंद्र सिंह ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य बुखार के मामलों की समय पर पहचान करना लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति जागरूक करना व मच्छरों से फैलने वाली बीमारियों की रोकथाम के लिए सामुदायिक भागीदारी सुनिश्चित करना है। सकई बार लोग सामान्य बुखार समझ कर स्वयं दवाइयां लेना शुरू कर देते हैं या जांच करवाने में देरी करते हैं जिससे बीमारी का सही समय पर पता नहीं चल पाता है।



जींद। घर के पास खड़े पानी में तेल डालते स्वास्थ्यकर्मी।



जींद। बैठक में भाग लेते प्राध्यापक व अभिभावक। फोटो :हरिभूमि

विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धियों पर चर्चा

जींद। संत शिरोमणि श्री सैन भगत राजकीय महाविद्यालय में मेंटर मेंटी एवं अभिभावक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति की समीक्षा करना, उनकी समस्याओं का समाधान करना व विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना रहा। बैठक में अभिभावकों के साथ-साथ दादा-दादी एवं नाना-नानी सहित वरिष्ठजनों ने भी बड़ी संख्या में उत्साहपूर्वक भाग लिया जिससे कार्यक्रम का महत्व और भी बढ़ गया। प्राचार्य एवं जिला उच्चतर शिक्षा अधिकारी सत्यवान मलिक की अध्यक्षता और मार्गदर्शन में किया । विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धियों, नियमित उपस्थिति, अनुशासन, परीक्षा परिणाम तथा उनके सर्वांगीण विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई।

डिजिटल युग में जागरूकता अत्यंत आवश्यक

जींद। एनसीसी ईकाई द्वारा कैडेट्स को साइबर अपराधों से बचाव एवं डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से डिजिटल योद्धा, साइबर सुरक्षा, डिजिटल जागरूकता एवं जिम्मेदार नागरिकता विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में कंप्यूटर विभाग से रितु ने रिसोर्स पर्सन की भूमिका निभाई। कैडेट्स को साइबर सुरक्षा, ऑनलाइन धोखाधड़ी, ओटीपी फ्रॉड, फर्जी लिंक, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग तथा व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। उन्होंने पावर प्वायंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से विभिन्न विषयों को सरल एवं प्रभावशाली ढंग से समझाया, जिससे छात्राओं को साइबर सुरक्षा के व्यावहारिक पहलुओं को समझने में सहायता मिली।



जींद। छात्रों को जागरूक करते हुए। फोटो :हरिभूमि



रामा भारतीय कला केंद्र के तीसरे रिबन काट कर शुभारंभ करते मुख्य अतिथि।

भगवान राम-लक्ष्मण ने ताड़का का किया वध

नरवाना। रामा भारतीय कला केंद्र के द्वारा पुरानी अनाज मंडी में करवाए जा रहे रामलीला मंचन के दौरान रविवार की रात मंच पर एक से बढकर एक दृश्य दिखाए गए। उन दृश्यों में सबसे महत्वपूर्ण चाची ताडखा का वध, उसका श्यापा और अंत में सुबाहू का वध करना दिखाया गया। मंचन के दौरान पहली बार माता अहिल्या का सीन दिखाया गया। मुख्यतिथि के तौर पर समाजसेवी तेजवंत राय गोयल व श्याम लाल मित्तल ने शिरकत की। उन्होंने रिबन काटकर लीला का शुभारंभ करवाया। मंच संचालन शैलेंद्र मोहन गर्ग ने किया। लीला के शुभारंभ से पहले बाबा गैबी साहब महाराज की आरती कलाकारों द्वारा मंच पर गाई गई। तीसरे दिन की लीला में सबसे पहले राजा दशरथ की भूमिका निभा रहे पं.मेहर चंद पुजारी, महाराजा दशरथ का दरबार दिखाया गया। बच्चों के मोह में वह उन्हें भेजने से कतराते हैं।



पीएचसी नगूरां में चयनित पीयर एजुकेटर्स को जागरूक करती नगूरां चिकित्सा प्रभारी डा. दीक्षा।

किशोर-किशोरियों को स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक

जींद। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नगूरा में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत चयनित पीयर एजुकेटर्स की बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पीएचसी प्रभारी डा. दीक्षा यादव ने की। बैठक के दौरान डा. दीक्षा यादव ने किशोर व किशोरियों को विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी विषयों पर जागरूक एवं प्रेरित किया गया। जिनमें मुख्य रूप से एनीमिया की रोकथाम, संतुलित पोषण, आयरन एवं फो लिक एसिड का महत्व, व्यक्तिगत एवं मासिक धर्म स्वच्छता, मानसिक स्वास्थ्य, नशे से बचाव, स्वस्थ जीवनशैली तथा नियमित शारीरिक गतिविधियों पर चर्चा की गई। इसके अलावा सुषमा काउंसलर ने किशोरावस्था में होने वाले शारीरिक एवं मानसिक परिवर्तनों, स्वास्थ्य समस्याओं की समय पर पहचान तथा आवश्यकता पडने पर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाने के बारे में जानकारी दी गई।

जिलास्तरीय अंडर 11 कैरम प्रतियोगिता में इंडस पब्लिक स्कूल जींद की छात्राओं ने जीता स्वर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन नरवाना में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। विभिन्न खेलों की प्रतियोगिताएं अलग-अलग मैदानों में आयोजित की गई। जिसमें इंडस पब्लिक स्कूल जींद के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्कूल, जिला और माता-पिता का नाम रोशन किया। अंडर 11 कैरम प्रतियोगिता में स्कूल की छात्राओं ने प्रथम स्थान हासिल किया। कक्षा चौथी की छुटकी और अराध्या तथा कक्षा पांचवीं की हसिता और देवन्या ने स्वर्ण पदक प्राप्त किए। योगा प्रतियोगिता में छात्र कुशल ने द्वितीय स्थान हासिल कर रजत पदक जीता। इस अवसर पर इण्डस पब्लिक स्कूल की प्राचार्या अरुणा शर्मा ने कहा कि इंडस पब्लिक स्कूल शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर रहा है। यह बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। खेल से बच्चों में शारीरिक और मानसिक विकास की वृद्धि होती है। उप प्राचार्य प्रवीण कुमार ने पदक विजेता विद्यार्थियों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं दी और उन्हें आगे भी बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।



जींद। प्रतियोगिता में भाग लेते छात्राएं। फोटो :हरिभूमि



नरवाना। प्रतियोगिता में भाग लेते छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

पोस्टर मेकिंग में बीएससी प्रथम वर्ष की ममता प्रथम

नरवाना। केएम राजकीय कालेज में महिला प्रकोष्ठ द्वारा भाषण एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन संयोजिका डॉ मीना देवी के निर्देशन में संपन्न हुआ। भाषण में 20 विद्यार्थियों ने तथा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में 22 विद्यार्थियों ने भाग लिया तथा प्रतिभा और रचनात्मकता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। भाषण में बीए प्रथम वर्ष की छात्रा गायत्री ने प्रथम, बीएससी द्वितीय वर्ष की छात्रा अंतिम ने द्वितीय तथा बी.ए. प्रथम वर्ष की छात्रा अंतिम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। करीना एवं प्रिया को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। पोस्टर मेकिंग में बीएससी प्रथम वर्ष की छात्रा ममता ने प्रथम, बीएससी प्रथम वर्ष की छात्रा कोमल ने द्वितीय तथा एमएससी प्रथम वर्ष की छात्रा तान्या ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सुशीला एवं अंकिता को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया। प्राचार्या डॉ. मीनू सिंह ने प्रतिभागियों को संबोधित करते शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ रचनात्मक एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में भी बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर बालिकाओं के अधिकार, सम्मान, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता का दिया संदेश

बेटियों को समान अवसर और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना सशक्त समाज की आधारशिला : राजेश वशिष्ठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर निपुण मिशन अभियान के जिला समन्वयक एफएलएन राजेश वशिष्ठ ने कहा कि बेटियां समाज की शक्ति, परिवार की खुशहाली और देश के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला हैं। बालिकाओं को समान अधिकार, स मान और आगे बढ़ने के अवसर उपलब्ध करवाना केवल परिवार की जि मेदारी नहीं, बल्कि पूरे समाज का सामूहिक दायित्व है। जिस समाज में बेटियों को शिक्षा, सुरक्षा और अपनी प्रतिभा दिखाने के समान अवसर मिलते हैं, वही समाज वास्तविक अर्थों में प्रगति करता है। बालिकाओं को बधाई एवं शुभकामनाएं देते उनके उज्ज्वल, सुरक्षित और आत्मनिर्भर भविष्य की कामना की। कहा कि प्रत्येक बालिका को बेहतर पोषण, तकनीकी ज्ञान और आत्मनिर्भर बनने के अवसर मिलने चाहिए। बालिकाओं के सर्वांगीण विकास के लिए ऐसा वातावरण तैयार करना आवश्यक है, जहां वे बिना किसी भेदभाव के अपने सपनों को साकार कर सकें। बेटियों को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना, प्रतिभा को पहचानना व आकांक्षाओं का समान करना सशक्त समाज के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।



जींद। कार्यक्रम में भाग लेते बच्चियां। फोटो :हरिभूमि

शिक्षा से मजबूत होगा बेटियों का भविष्य

शिक्षित बालिका न केवल अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होती है, बल्कि परिवार और समाज के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। आज बेटियां शिक्षा, विज्ञान, खेल, तकनीक, प्रशासन और अन्य क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का परिचय दे रही हैं। जरूरत इस बात की है कि प्रत्येक बालिका को अपनी योग्यता के अनुसार आगे बढने का अवसर मिले और आर्थिक या सामाजिक परिस्थितियां उसकी प्रगति में बाधा न बनें। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे बेटियों की शिक्षा को प्राथमिकता दें, उनकी रुचियों को समझें और उन्हें अपनी पसंद के क्षेत्र में आगे बढने के लिए प्रेरित करें। बेटियों और बेटों के बीच किसी प्रकार का भेदभाव नहीं होना चाहिए। दोनों को समान अवसर और प्रोत्साहन मिलने से ही परिवार और समाज में सकारात्मक बदलाव संभव है।



जींद। महात्मा गांधी पार्क में स्वच्छता अभियान चलाए सेव संस्था के सदस्य।

डस्टबिन का प्रयोग करने की आदत अपनाने का आह्वान

जींद। सामाजिक संस्था सोसाइटी फोर एडवांसमेंट ऑफ विलेज एंड अर्बन इंवायरमेंट सेव ने महात्मा गांधी पार्क में स्वच्छता अभियान श्रमदान कर के किया। संस्था के प्रधान नरेंद्र नाडा की अध्यक्षता में चलाया यह 483वां अभियान था। सेव संस्था के सदस्यों ने कहा कि पर्यावरण सुधार में सभी ने सहयोग करना चाहिए। देश का जो परिवार झुग्गी झोपड़ी में रहता है वह भी अपने घर में हर रोज झाड़ू लगता है। स्वच्छता चाहता है। पर वह आदमी झाड़ू लगा कर कूड़ा डस्टबिन में नहीं डालता है लेकिन स्वच्छता तब रहेगी, जब हर आदमी झाड़ू लगा कर कूड़ा अपने डस्टबिन में डाल कर रखेगा। डस्टबिन का प्रयोग ही स्वच्छता का मूल मंत्र है। इसलिए हर आदमी ने स्वच्छता की इस मुहिम में अपना योगदान देना चाहिए और डस्टबिन का प्रयोग करने की आदत अपनानी चाहिए। स्वच्छता पर्यावरण शुद्ध रखने में अहम योगदान करती है। इस मौके पर अजमेर सिंह चौहान, बलबीर सिंह श्योकंद, डा. राजेंद्र सिंह, सूरजभान सिहाग, बलवीर सिंह, बलजीत सिंह रेढू, अजीत सिंह, सुरेश कुमार, पवन कुमार मौजूद रहे।

खबर संक्षेप

ककहेड़ी की सामान्य चौपाल में हुआ सेवा सेतू शिविर

सीवन। सेवा संकल्प अभियान के तहत गांव ककहेड़ी की सामान्य चौपाल में सेवा सेतू शिविर का आयोजन किया गया। हरियाणा सरकार के सेवा संकल्प अभियान के तहत सेवा सेतु कार्यक्रम के माध्यम से आमजन को सरकारी योजनाओं एवं जनकल्याणकारी सेवाओं का लाभ उनके घर-द्वार के नजदीक उपलब्ध करवाने का प्रयास किया जा रहा है। इन शिविरों में विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी नागरिकों को योजनाओं की जानकारी देने, आवेदन प्रक्रिया में सहायता करने तथा पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से जोड़ने का कार्य कर रहे हैं।

समाधान शिविर में एडीसी ने सुनीं आमजन की समस्याएं

कैथल । आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर में एडीसी डॉ. सुशील कुमार ने आमजन की शिकायतें सुनीं। शिविर में आई जलभराव की समस्या, राशन कार्ड बनवाने, किसान आईडी, सड़क निर्माण करवाने, तालाब से अतिक्रमण हटवाने बारे, परिवार पहचान पत्र सहित अन्य संबंधित समस्याओं के त्वरित समाधान को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए। जनकपुरी कालोनी निवासी सतपाल सिंह ने अपनी शिकायत में बताया कि जनकपुरी कालोनी की गली नंबर 7 में गली ऊंची व नीची बनी हुई है और न ही यह एकसार है।

अभियान के तहत चिल्ड्रन पार्क में लगाए पौधे

कैथल। सेवा संकल्प अभियान के तहत चिल्ड्रन पार्क में पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में नगर परिषद कार्यालय से अधिकारी के साथ-साथ बलदेव लोट शामिल हुए। कलायत वार्ड नंबर 8 अग्रसेन पार्क में पौधा रोपण किया गया, जिसमें राममेहर शर्मा व नवाब सिंह शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए और उनकी नियमित देखभाल करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि पेड़-पौधे हमारे जीवन का आधार हैं।

49वें क्षेत्रीय युवा महोत्सव की तैयारियों का शुभारंभ

कैथल। आरकेएसडी महाविद्यालय कैथल में विद्यार्थियों ने 49वें क्षेत्रीय युवा महोत्सव में भाग लेने के लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं।
महाविद्यालय की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा को आगे बढ़ाने और विभिन्न सांस्कृतिक विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के उद्देश्य से विद्यार्थियों की रिहर्सल आरंभ हो गई है।
महाविद्यालय की प्रबंध समिति के प्रधान श्री अश्विनी शोरवाला ने सभी प्राध्यापकों एवं प्रतिभागी विद्यार्थियों को महाविद्यालय की सांस्कृतिक विरासत को नयी ऊंचाईयां देने एवं पूर्ण उत्साह, अनुशासन और समर्पण के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का आह्वान किया। प्राचार्य डॉ. गगन मित्तल ने तैयारियों का जायजा लिया और उन्हें आगामी सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के लिए निरंतर अभ्यास करने के लिए प्रेरित किया।

पिहोवा चौक का नाम महाराजा अग्रसेन चौक रखने की मांग

महाराजा अग्रसेन के सिद्धांत समानता व सामाजिक समरसता का देते हैं संदेश

महाराजा अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में मंत्री विपुल गोयल ने की शिरकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



कैथल। नागरिक उड्डयन मंत्री विपुल गोयल को सम्मानित करते समाजसेवी रामप्रताप गुप्ता और सुरभि गर्ग। *फोटो : हरिभूमि*

राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, शहरी निकाय तथा नागरिक उड्डयन मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि महाराजा अग्रसेन के दूरदर्शी विचार आज भी समाज को समानता, सहयोग और सामाजिक समरसता का संदेश देते हैं। लगभग 5150 वर्ष पूर्व महाराजा अग्रसेन ने एक रुपया-एक ईंट की परंपरा के माध्यम से जरूरतमंदों की सहायता और आर्थिक असमानता दूर करने का मार्ग दिखाया था। उनके सिद्धांत आज भी समाज के उत्थान के लिए प्रासंगिक हैं।

मंत्री विपुल गोयल गीता भवन मंदिर में महाराजा अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान महाराजा अग्रसेन समिति की ओर से उनका फूल-मालाओं और स्मृति चिह्न भेंट कर स्वागत एवं सम्मान किया गया। मंत्री विपुल गोयल ने पिहोवा चौक का नाम महाराजा अग्रसेन चौक रखने की मांग पर नगर परिषद चेयरपर्सन सुरभि गर्ग को निर्देश दिए कि इस संबंध में नगर परिषद से प्रस्ताव पारित करवाकर चौक की सुंदर ड्राइंग तैयार करवाई जाए और निर्धारित प्रक्रिया के तहत आगे भेजी जाए। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस कार्य के लिए धनराशि की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। साथ ही उन्होंने आश्वासन दिया कि वे अगली महाराजा अग्रसेन जयंती पर चौक का उद्घाटन करने के लिए पहुंचेंगे।

आज विश्व भर में भारत की प्रतिष्ठा बढ़ रही

मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हिसार के नए एयरपोर्ट का नाम महाराजा अग्रसेन के नाम पर रखना गौरव की बात है। एयरपोर्ट से पहली उड़ान राम मंदिर के दर्शन के लिए भेजी गई थी। उन्होंने कहा कि महाराजा अग्रसेन के समाजवाद, समानता और जनकल्याण के सिद्धांतों से प्रेरणा लेकर सरकार देश को विकास के पथ पर आगे बढ़ा रही है। आज विश्व भर में भारत की प्रतिष्ठा बढ़ रही है। उन्होंने बताया कि अग्रोहा में पुरातात्विक स्थल की लगभग 82 प्रतिशत खुदाई अभी बाकी है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार ने इस कार्य के लिए 40 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी है। खुदाई पूरी होने के बाद महाराजा अग्रसेन के इतिहास और उनकी गौरवशाली विरासत के बारे में और अधिक जानकारी मिल सकेगी।

सबका साथ, सबका विकास

मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में केंद्र और हरियाणा सरकार सबका साथ, सबका विकास की नीति पर कार्य कर रही हैं। सरकार महिला सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम में नगर परिषद चेयरपर्सन सुरभि गर्ग और राम प्रताप गुप्ता ने भी उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया। इस अवसर पर मोहन लाल, रामकुमार बंसल, राम प्रताप गुप्ता, हिमांशु गोयल, प्रवीण सिंगल, नरेश मित्तल, सिकंदर गुप्ता और दीपक गुप्ता सहित महाराजा अग्रसेन समिति के अन्य पदाधिकारी, गणमान्य व्यक्ति एवं महिलाएं उपस्थित रहीं।

अग्रसेन जयंती महोत्सव को लेकर पदाधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारियां



कैथल। बैठक में विचार विमर्श करते पदाधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

- 7 अक्टूबर को भाई उदय सिंह किला परिसर में होगा कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव को भव्य एवं यादगार बनाने के उद्देश्य से अग्रवाल युवा सभा कैथल की एक महत्वपूर्ण बैठक सभा के प्रधान अशोक गोयल की अध्यक्षता में उनके निजी प्रतिष्ठान पर आयोजित की गई। बैठक में सभा के अनेक पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने भाग लिया और 17 अक्टूबर को आयोजित होने वाले महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव की तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की। बैठक की अध्यक्षता प्रवीण चौधरी ने की। इस दौरान कार्यक्रम की रूपरेखा, अतिथियों के स्वागत, आयोजन की व्यवस्थाओं तथा विभिन्न जिम्मेदारियों को लेकर विचार-विमर्श किया गया। प्रधान अशोक गोयल ने सभा के पदाधिकारियों को उनकी जिम्मेदारियां सौंपते हुए सभी से आपसी समन्वय के साथ आयोजन को सफल बनाने का आह्वान किया। बैठक में निर्णय लिया गया कि महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव को सामाजिक एकता, सांस्कृतिक परंपराओं और अग्रवाल समाज की गौरवशाली विरासत के अनुरूप भव्य स्तर पर आयोजित किया जाएगा। सभा की ओर से इस कार्यक्रम को लेकर तैयारियां की जा रही हैं।

अग्रसेन जयंती पर सजेगी काव्य संध्या

प्रधान अशोक गोयल ने बैठक में जानकारी देते हुए बताया कि अग्रवाल युवा सभा कैथल की ओर से 17 अक्टूबर को कैथल के ऐतिहासिक भाई उदय सिंह किला परिसर में महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। अग्रवाल युवा सभा की ओर से आयोजित इस महोत्सव में काव्य सम्मेलन को विशेष आकर्षण के रूप में देखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि सभा का प्रयास है कि कार्यक्रम में पहुंचने वाले लोगों को मनोरंजन के साथ-साथ साहित्य और संस्कृति से जुड़ने का अवसर भी मिले।



राजौंद। भजन प्रस्तुत करते हुए महिलाएं। *फोटो : हरिभूमि*

मंदिरों में गूंजे मां के जयकारे

राजौंद। दूसरे नवरात्रे पर नगर के मंदिरों में श्रद्धालुओं द्वारा लगाए गए जयघोषों से नगर के वातावरण को पुरी तरह भक्तिमय बना दिया। सुबह चार बजे से ही दुर्गा मंदिर, भद्रकाली मंदिर, प्राचीन शिव मंदिर, गांव में स्थित बाबा बहादुर बण मंदिर में भक्तों ने पहुंचकर पूजा अर्चना कर मां जगदम्बे भवानी से मंगल कामना की प्रार्थना की। नवरात्रों के पावन अवसर पर मंदिरों को खूब सजाया गया है। नवरात्रे के दूसरे दिन भी मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा तथा मंदिर में चल रहे भक्ति गीत माहौल को ओर भी भक्तिमय करने में सहायक सिद्ध हो रहे थे। सोमवार को दुर्गा मंदिर में महिला संकीर्तन मंडली द्वारा भजनों के माध्यम से मां का गुणगान किया गया। श्रद्धालुओं द्वारा नवरात्रों के दूसरे दिन नवदुर्गा में दूसरे रूप में ब्रह्मचारिणी की पूजा अर्चना की गई।

ओपन डिस्ट्रिक्ट ताईक्वांडो चैंपियनशिप में शिक्षा भारती विद्या निकेतन, कलायत के छात्रों का शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

नीलम यूनिवर्सिटी, कैथल में आयोजित ओपन डिस्ट्रिक्ट ताईक्वांडो चैंपियनशिप में शिक्षा भारती विद्या निकेतन, कलायत के खिलाड़ियों ने अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा और कड़ी मेहनत के बल पर शानदार सफलता हासिल की है। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए कुल 18 पदक एवं उपविजेता ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। चैंपियनशिप जीतकर विद्यालय परिसर पहुंचने पर सभी विजेता खिलाड़ियों, उनके अभिभावकों और खेल प्रशिक्षिका (सुदेश) का भव्य स्वागत किया गया।



कैथल। प्रतियोगिता में अव्वल रहे विद्यार्थियों को सम्मानित करते पदाधिकारी।

पदक विजेताओं की सूची

पारुल – स्वर्ण पदक	गरिमा – रजत पदक
नयारा – स्वर्ण पदक	जैस्मिन – रजत पदक
त्रिषा – स्वर्ण पदक	राधिका – रजत पदक
यशिका – स्वर्ण पदक	निधि – रजत पदक
गीत – स्वर्ण पदक	परिद्धि – रजत पदक
हिमांशी – स्वर्ण पदक	माही यादव – कांस्य पदक
नव्या – स्वर्ण पदक	आरुषि – कांस्य पदक
गुजारिश – रजत पदक	चाहत – कांस्य।
साक्षी – रजत पदक	

सांसद नवीन जिंदल की पहल से 100 से अधिक मरीजों की हो चुकी निःशुल्क मोतियाबिंद सर्जरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुहला-चीका

सांसद नवीन जिंदल की पहल के तहत नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा गुहला विधानसभा क्षेत्र के मोतियाबिंद से पीड़ित जरूरतमंद मरीजों को निःशुल्क सर्जरी के लिए महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, अग्रोहा (हिसार) भेजा गया। मरीजों के उपचार और सर्जरी की व्यवस्था सांसद नवीन जिंदल की ओर से निःशुल्क की गई है। सांसद कार्यालय कैथल के प्रभारी रविंद्र धीमान और हलका प्रभारी कर्मवीर सिसोदिया ने बताया कि नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र सशक्तिकरण अभियान के तहत मोतियाबिंद से पीड़ित जरूरतमंद मरीजों की पहचान कर उन्हें उपचार के लिए अग्रोहा भेजा जा रहा है। इस पहल के तहत अब तक 100 से अधिक मरीजों की सफलतापूर्वक निःशुल्क मोतियाबिंद सर्जरी कराई जा चुकी है। उन्होंने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को धन की कमी के कारण आंखों का उपचार कराने में होने वाली परेशानी से राहत दिलाना है। मोतियाबिंद के कारण दृष्टि संबंधी समस्याओं का सामना कर रहे मरीजों को समय पर उपचार उपलब्ध कराने से उनके जीवन में नई रोशनी आने की उम्मीद है।



गुहला चीका। मोतियाबिंद की जांच करती चिकित्सक।

फ्लैग फाउंडेशन ऑफ़ इंडिया द्वारा पुंडरी ब्लॉक में 'माय भारत क्विज' का आगाज़

पूंडरी। विद्यार्थियों में देशभक्ति, राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान और भारत की समृद्ध विरासत की समझ बढ़ाने के उद्देश्य से 'फ्लैग फाउंडेशन ऑफ़ इंडिया' द्वारा 'माय भारत क्विज' का आयोजन किया जा रहा है। सांसद एवं अध्यक्ष नवीन जिन्दल के मार्गदर्शन में शुरू की जा रही इस प्रतियोगिता के तहत पुंडरी ब्लॉक के 100 स्कूलों के लगभग 3,500 छात्र-छात्राएं आगामी 28 अक्तूबर को प्रारंभिक परीक्षा में हिस्सा लेंगे। इस प्रतियोगिता को सुचारू और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए 13 अक्तूबर को डीएवी कॉलेज पुंडरी के हॉल में 100 चयनित स्कूल नोडल शिक्षकों के लिए एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। सांसद नवीन जिन्दल के कैथल कार्यालय प्रभारी रविन्द्र धीमान ने बताया कि 13 अक्तूबर को आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में फ्लैग फाउंडेशन ऑफ़ इंडिया के जनरल सेक्रेटरी मेजर जनरल असीम कोहली (सेवानिवृत्त) और सांसद के संसदीय कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह (पूर्व आईएएस) मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे।



पूंडरी। प्रशिक्षण स्थल और व्यवस्थाओं का जायजा लेते कार्यालय प्रभारी रविन्द्र धीमान व अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

न्यूज डायरी



बच्चों के उत्तम स्वास्थ्य हेतु 'संवाद' संगोष्ठी का आयोजन

कैथल। ओएसडीएवी पब्लिक स्कूल, कैथल में विद्यार्थियों के स्वास्थ्य एवं कल्याण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'संवाद संगोष्ठी' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कैथल के प्रसिद्ध चिकित्सा विशेषज्ञों ने बच्चों के स्वास्थ्य से संबंधित महत्त्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की। सर्वप्रथम विद्यालय की प्रधानाचार्या अंजु तलवाड ने उपस्थित चिकित्सा विशेषज्ञों का औपचारिक स्वागत किया तत्पश्चात संगोष्ठी का संचालन करते हुए विद्यार्थियों और अभिभावकों के सामने आने वाली दैनिक चुनौतियों तथा स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं पर प्रासंगिक प्रश्न उठाते हुए चर्चा को प्रभावी ढंग



खेड़ी राव वाली में भेड़कुट एवं कापड़िया समाज का घर-घर जनगणना अभियान शुरू

राजौंद। भेड़कुट एवं कापड़िया डेवलपमेंट एसोसिएशन की ओर से समाज के सर्वांगीण विकास और सामाजिक उत्थान की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए गांव खेड़ी राव वाली में घर-घर जनगणना अभियान शुरू किया गया। अभियान का संचालन एसोसिएशन के केंद्रीय प्रधान निर्मल भाना एवं महासचिव अनिल सेवला के दिशा-निर्देशों के तहत किया जा रहा है।
अभियान का शुभारंभ स्थानीय कार्यकारिणी के महासचिव हरमिंद्र धीरिया तथा केंद्रीय कार्यकारिणी के सचिव मंगत नाहरिया ने संयुक्त रूप से किया।

निपुण हरियाणा मिशनः खंड गुहला में प्राथमिक शिक्षकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

गुहला चीका। निपुण हरियाणा मिशन के अंतर्गत खंड गुहला में प्राथमिक शिक्षकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का सोमवार को शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी नरेंद्र दीक्षित ने किया। इस अवसर पर कार्यक्रम के नोडल अधिकारी एवं प्रधानाचार्य संजय गुप्ता, अशोक कुमार तथा खंड निपुण समन्वयक सुनील दत्त उपस्थित रहे।

72वें रामलीला महोत्सव का आगाज देखने उमड़ी लोगों की भीड़

नारद मोह लीला के मंचन से अहंकार त्यागने का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुहला-चीका



गुहलाचीका। नारद मोह लीला के शुभारंभ पर कलाकारों को सम्मानित करते समाजसेवी दर्शन सिंह सीड़ा व अन्य गणमान्य व्यक्ति।

प्राचीन श्री मां भवानी मंदिर में आदर्श नाटक क्लब की ओर से आयोजित 72वें रामलीला महोत्सव का शुभारंभ नारद मोह लीला के मंचन के साथ हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रमुख समाजसेवी दर्शन सिंह सीड़ा ने अपने परिवार और साथियों के साथ दीप प्रज्वलित कर किया। इससे पहले गणेश वंदना और हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। अयोध्या और वृंदावन धाम से आए कलाकारों की शानदार प्रस्तुति ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। लीला में दिखाया गया कि देवर्षि नारद हिमालय की वादियों में कठोर तपस्या करते हैं। उनकी तपस्या भंग करने में कामदेव भी असफल रहते हैं। इस सफलता के बाद नारद जी को अहंकार हो जाता है और वे अपने तप के प्रभाव का बखान भगवान ब्रह्मा और भगवान शिव के समक्ष करने लगते हैं। नारद जी के अहंकार को दूर करने के लिए भगवान विष्णु माया की रचना करते हैं। आगे के प्रसंग में नारद जी राजा शीलनिधि की पुत्री राजकुमारी विश्वमोहिनी के रूप पर मोहित हो जाते हैं और भगवान विष्णु से उनके जैसा सुंदर रूप मांगते हैं। भगवान विष्णु उन्हें वानर जैसा मुख प्रदान कर देते हैं। स्वयंवर में राजकुमारी विश्वमोहिनी भगवान विष्णु को वरमाला पहना देती हैं। इससे नारद जी क्रोधित होकर भगवान विष्णु को स्त्री वियोग का श्राप दे देते हैं। बाद में माया का प्रभाव समाप्त होने पर उन्हें अपनी भूल का अहसास होता है और वे पश्चाताप करते हैं। लीला के माध्यम से कलाकारों ने संदेश दिया कि मनुष्य को अपनी शक्ति, ज्ञान और सफलता पर कभी अहंकार नहीं करना चाहिए। अहंकार व्यक्ति के विवेक को समाप्त कर देता है, जबकि विनम्रता जीवन में श्रेष्ठता और सम्मान का मार्ग प्रशस्त करती है।

ये रहे मौजूद

इस अवसर पर क्लब के प्रधान बलबीर सैनी, राजीव शर्मा, कुलदीप माजरा, मोतीराम गर्ग, कृष्ण धीमान, हरपाल शर्मा, हरबंस सीड़ा, गुरदीप ढांडा, शशिभूषण शर्मा, प्रदीप सीड़ा, गुरमेल सिंह, सुखदाय सिंह, मैना देवी ट्रस्ट से जुड़े सदस्य, जयभगवान शर्मा, हरचेत बोपर, कृष्ण नंबरदार पीडल, प्रवीण गर्ग, गुरमीत सीड़ा, राजा मोहन राय और राजू बावा सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

नशे से मुक्ति के लिए विशेष लगाया शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, ग्योंग में नार्को कोऑर्डिनेशन सेंटर (एनसीओआरडी) के एक महत्वपूर्ण जागरूकता कार्यक्रम के तहत 'नशा मुक्त भारत - स्वस्थ भारत' अभियान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को नशे की लत से दूर रखना और उन्हें स्वस्थ्य अनुशासन के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. गुरप्रीत सिंह ने विद्यार्थियों को बताया कि किशोरावस्था (विशेषकर 10वीं से 12वीं कक्षा के दौरान) बच्चों में नई पढ़ाई और पढ़ाई की उत्सुकता बहुत अधिक होती है। उन्होंने बताया कि इसी उम्र में बच्चे को बार-बार फैशन या वेव के चक्कर में पड़कर या गलत संगति के प्रभाव में ज्ञान बीड़ी, सीताफल और अन्य नशे की शुरुआत करनी होती है। डॉ. सिंह ने व्यंगात्मक चिंता करते हुए कहा कि शुरुआत में छिपकर काम करने वाला यह नशामुक्ति का शौक आश्रम एक गंभीर लता बन जाता है, जिससे पूरा जीवन और परिवार बर्बाद हो जाता है। उन्होंने बड़े पैमाने पर पीजीआई और इमेजरी राइसा हॉस्पिटल का उदाहरण देते हुए बताया कि वहां कैंसर और अन्य लाइलाज से पीड़ित ऐसे कई मरीज मिले हैं जो नशे की वजह से इस स्थिति में हैं। उन्होंने छात्रों को स्पष्ट संदेश दिया कि यदि कोई उन्हें नशे के रास्ते पर ले जाने की कोशिश करे, तो हमेशा 'ना' (नहीं) कहें और ऐसे दोस्तों या संगति से पूरी तरह दूर रहें जो गलत रास्ते पर ले जाएं। प्रधानाचार्य संजीव कुमार ने इस प्रकार के महत्वपूर्ण जागरूकता अभियानों में विद्यार्थियों को नैतिक नैतिकता और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। एनसीओआरडी के नोडल अधिकारी अनूप धीमान ने सरकार चलाकर जा रहे 'मानस' (मानस - 1933) प्रोजेक्ट और नेशनल नारकोटिक्स एसोसिएशन के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

सूचना

मैं, निर्मल सिंह पुत्र फत्तन सिंह निवासी गांव माजरा नंदकरन तहसील व जिला कैथल (हरियाणा) अपना नाम निर्मल सिंह से बदलकर निर्मल रखता हूँ। भविष्य में मुझे निर्मल के नाम से जाना व पहचाना जाए। संबंधित कृपया नोट करें।

खबर संक्षेप

अनाज मंडियों में 18252 मीट्रिक धान की आवक

जींद। डीसी डा. वैशाली शर्मा ने बताया कि अलेवा की अनाज मंडी में 1890 मीट्रिक टन, धमतान की अनाज मंडी में 775, गढ़ी में 1009, जींद में 465, मंगलपुर में 230, नगूरां में 398, नरवाना में 4730, पिल्लूखेड़ा में 570, सफीदों में 877, उचाना में 290 तथा ओल्ड मार्केट उचाना में 6600 मीट्रिक टन धान की आवक व खरीद की जा चुकी है। खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा 12763 मीट्रिक टन, हैफेड द्वारा 3488 मीट्रिक टन तथा हरियाणा वेयर हाउस कॉर्पोरेशन द्वारा 2001 मीट्रिक टन धान की खरीद की जा चुकी है। खरीद एजेंसियों को निर्देश दिए हैं कि वे उठान कार्य तीव्र करवाते रहे।

14 अक्टूबर को होगी सड़क सुरक्षा प्रश्नोत्तरी

कैथल। विद्यार्थियों में सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से खंड कैथल के सभी 13 क्लस्टरों में 14 अक्टूबर को सड़क सुरक्षा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता-2026 का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिताएं प्रातः 11 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित होंगी। खंड शिक्षा अधिकारी बिमला सिरोही की अध्यक्षता में होने वाली इस प्रतियोगिता में कुल 292 विद्यालयों की टीमें, जिनमें 159 सरकारी और 133 निजी विद्यालय शामिल हैं, भाग लेंगी। खंड नोडल डॉ. विजय कुमार चावला ने बताया कि प्रतियोगिता के सफल एवं सुचारू संचालन के लिए तैयारियां तेज कर दी गई हैं।

औसत से अधिक पैदावार वाले किसानों की पूरी फसल खरीदेगी सरकार

किसानों की फसल का खरीदा जाएगा एक-एक दाना : राणा

कृषि मंत्री ने विभिन्न अनाज मंडियों का दौरा कर खरीद व उठान का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



कैथल। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा धान खरीद का जायजा लेते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण, पशुपालन एवं डेयरी तथा मत्स्य पालन मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों के साथ मजबूती से खड़ी है। सरकार किसानों की फसल का एक-एक दाना खरीदेगी। औसत से अधिक पैदावार होने पर भी फसल को छोड़ा नहीं जाएगा, उसे भी निर्धारित एमएसपी पर खरीदा जाएगा। संबंधित किसान को अपनी उपज का पूरा विवरण लिखित में मंडी सचिव को देना होगा ताकि जिला स्तरीय कमेटी के माध्यम से उसका सत्यापन कर रिकॉर्ड में दर्ज किया जा सके।

कृषि मंत्री सोमवार को कैथल जिले की विभिन्न अनाज मंडियों का दौरा कर धान की खरीद, उठान, भुगतान और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे थे। इस दौरान उन्होंने ढांड, पूंडरी, पाई, राजौंद, कलायत, कैथल व अन्य अनाज मंडियों में खरीद प्रक्रिया का निरीक्षण किया तथा किसानों और आढ़तियों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने धान की ढेरियों पर जाकर नमी मापक मीटर से धान में नमी की मात्रा का आकलन भी करवाया। मौके पर उनके साथ पूंडरी विधायक सतपाल जांबा मौजूद रहे। कृषि मंत्री ने संबंधित खरीद एजेंसियों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडियों में खरीद प्रक्रिया निर्धारित नियमों के अनुसार सुचारू रूप से जारी रखें। उन्होंने कहा कि 17 प्रतिशत नमी वाली धान को तुरन्त खरीदा जाए। किसान की फसल की बोली लगने के बाद बारदाने की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। मंडियों में साफ-सफाई बनाए रखने के साथ गेटपास काटने के लिए पर्याप्त स्टाफ तैनात किया जाए और सभी रिकॉर्ड रजिस्टर अपडेट रखे जाएं। उन्होंने कहा कि किसानों की फसल का भुगतान निर्धारित समय के भीतर उनके बैंक खातों में भेजा जाए। खरीद और उठान में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि मंडियों में किसी किसान को परेशानी आती है तो वह तुरंत संबंधित अधिकारियों के संज्ञान में लाएं ताकि समस्या का समाधान किया जा सके।

राजौंद व कलायत मंडी में आढ़तियों व किसानों ने खरीद एजेंसी बढ़ाने की मांग की। उन्होंने बताया कि यहां एक एजेंसी द्वारा खरीद की जा रही है, जिससे खरीद में समय लग रहा है। इसलिए एक खरीद एजेंसी को और लगाया जाए ताकि समय पर खरीद हो सके।

अधिक पैदावार का विवरण सचिव को दें

मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि जिन किसानों की धान की पैदावार निर्धारित औसत से अधिक हो रही है, उनकी फसल की खरीद सुनिश्चित करने के लिए उचित प्रक्रिया अपनाई जाएगी। ऐसे किसान अपनी कुल उपज का विवरण लिखित रूप में मंडी सचिव को दें।

बारिश को देखते हुए सतर्क रहने की अपील

कृषि मंत्री ने कहा कि गैर मौसमी बारिश के मौसम को देखते हुए किसानों, आढ़तियों और राइस मिलों को सतर्क रहने की आवश्यकता है। धूप निकलते ही पिछले माल की तुरंत लिफ्टिंग कराई जाए ताकि नए धान के लिए जगह बन सके। उन्होंने किसानों से भी अपील की कि जब फसल पूरी तरह से पक जाए तभी उसकी कटाई करवाएं और मंडी में लेकर आएं ताकि जल्द खरीद की जा सके।

धान खरीद व उठान में देरी के कारण किसानों को हो रहा नुकसान : गर्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरवाना



नरवाना। बजरंग गर्ग अनाज मंडी में अनाज खरीद का जायजा लेते हुए।

हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष व हरियाणा कान्फेड के पूर्व चेयरमैन बजरंग गर्ग ने अनाज मंडी नरवाना में धान खरीद का जायजा लेने के उपरांत व्यापारियों को कहा कि सरकार द्वारा धान की खरीद, उठान व भुगतान में काफी देरी के कारण किसानों को बड़ा भारी नुकसान हो रहा है। मंडियां धान से अटी पड़ी हैं। हरियाणा में बारिश होने के कारण 6 लाख टन से ज्यादा धान भीग गई और ऊपर से बारिश होने का डर सता रहा है। सरकार को अपने वायदे के अनुसार धान की खरीद, उठान व भुगतान तुरंत करना चाहिए। बजरंग गर्ग ने कहा कि सरकार द्वारा बाजरे की खरीद एमएसपी पर ना करने के कारण किसानों में बड़ा भारी रोष है जबकि बाजरे की एमएसपी 2900 रुपये प्रति क्विंटल है। सरकार द्वारा बाजरे की सरकारी खरीद ना करने के कारण किसान मजबूरी में अपना बाजार औने-पौने दामों में बेच रहा है। सरकार अपनी घोषणा के अनुसार बाजरे की सरकारी खरीद एमएसपी पर करनी चाहिए। इस अवसर पर जीया लाल गोयल, अनिल आर्य, जयदेव बंसल, विनोद मंगला, मोहित बंसल, सज्जन सिंगला, सुभाष सिंगला, सुशील मित्तल, युवा प्रदेश प्रभारी राहुल गर्ग आदि प्रतिनिधि मौजूद थे।

मां बनभौरी के भजनों पर झूमे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उचाना



उचाना। विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री को स्मृति चिन्ह भेंट करते समिति सदस्य।

पुरानी अनाज मंडी में मां बनभौरी सेवा समिति की ओर से पहले नवरात्र पर दूसरे विशाल जागरण का आयोजन किया गया। जागरण में विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री और सुषमा अत्री मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। भजन गायक सुमित सैनी मुंबई, जूली सिंह प्रयागराज और भावना स्वरांजलि गुप्ता लोनी ने भजनों के माध्यम से मां भगवती का गुणगान किया। मंच संचालन शिवम गोयल ने किया, जबकि ज्योत प्रज्वलित करने की रस्म समाजसेवी सतपाल गोयल ने निभाई। विधायक अत्री ने कहा कि जब भी उन्हें जागरण में आने का अवसर मिलता है तो उन्हें अपने पिता की याद आती है। उनके पिता ने अपने जीवन के 30 वर्ष समाज सेवा के लिए समर्पित किए। वह भी निरंतर प्रयास करते हैं कि उनके घर से कोई जरूरतमंद व्यक्ति खाली हाथ न लौटे। इस अवसर पर थाना प्रभारी मोनिका, रामचंद्र अत्री, सत्यनारायण मखंड, सौरभ खरकभूरा, विनोद भगत, सुरेश नैन, बलवान कापड़ो, गोविंद जैन, रामचंद्र जैन, बाबूराम मखंड, डॉ. सुरेश गुप्ता, रामनिवास बुडायन, सज्जन चौधरी, पंकज पार्षद, विकास मखंड, गौरव जैन, अनिल जैन, अमित कापड़ो, प्रवीण जैन, उदित जैन, नरेश, जगदीप मखंड, महाबीर, विजय, कौशल, जितेंद्र जैन, विक्की काकड़ोद, श्यामलाल, सुभाष उदयपुर, प्रवीण गर्ग और मोहन गर्ग मौजूद रहे।

वार्ड 2 के अर्जुन नगर में पहुंचा 'आदित्य सुरजेवाला चलता-फिरता अस्पताल'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



कैथल। शिविर में मरीजों को जानकारी देते चिकित्सक। *फोटो :हरिभूमि*

विधायक आदित्य सुरजेवाला की ओर से संचालित 'आदित्य सुरजेवाला चलता-फिरता अस्पताल' वार्ड 2, अर्जुन नगर, गली नं. 1 में पहुंचा। मोबाइल मेडिकल वैन के माध्यम से आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने स्वास्थ्य परीक्षण करवाया। शिविर में डॉ. ताविश, डॉ. साहिल और स्टाफ नर्स मीना देवी सहित चिकित्सकीय टीम ने लोगों की जांच की। जरूरतमंद मरीजों को निःशुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं। दवा वितरण में श्याम सैनी और रजत ने सहयोग किया। शिविर में पहुंचे विक्की भोला, ओमप्रकाश सैन, राजिंदर कौर, बलजीत मोस्टरा, अनंतराम ठाकुर, शोभेश धीमान, नरेश बालू ने इस पहल की सराहना की। वार्डवासियों ने कहा कि निजी क्लीनिकों और अस्पतालों में जांच व दवाइयों पर काफी खर्च हो जाता है, जबकि इस शिविर में जांच, पर्ची और दवाइयां पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध कराई गईं। विधायक आदित्य सुरजेवाला ने कहा कि कैथल के लोगों की सेवा करना ही मेरा परम धर्म है। मेरा उद्देश्य है कि कैथल हलके के प्रत्येक गांव और शहर के हर वार्ड तक स्वास्थ्य सेवाएं आसानी से पहुंचें।

स्व. लाला धर्मपाल सिंगला की स्मृति में निःशुल्क बनभौरी धाम बस यात्रा रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरवाना



नरवाना। आचार्य राजेन्द्र महाराज ने झंडी दिखाकर यात्रा को रवाना किया।

अग्रवाल जन जागरण मंच (रजि.) नरवाना के तत्वावधान में प्रतिष्ठित सिंगला परिवार द्वारा स्व. लाला धर्मपाल सिंगला की स्मृति में बनभौरी धाम के लिए 59वीं निःशुल्क बस यात्रा रवाना की गई। पिछले कई वर्षों से सिंगला परिवार द्वारा यह जनसेवा निरंतर जारी है। बस यात्रा को त्रिवेणी चौक, हुड्डा मार्केट, नरवाना से अंतर्राष्ट्रीय कथा प्रवक्ता आचार्य राजेंद्र महाराज द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर अग्रवाल जन जागरण मंच के प्रधान रमेश गर्ग उर्फ महेशी द्वारा महाराज को पटका पहनाकर सम्मानित किया गया। आचार्य राजेंद्र महाराज ने कहा कि नवरात्रों में हर व्यक्ति द्वारा विशेष रूप से माता की पूजा की जाती है और मां बनभौरी धाम शक्तिपीठ पर दूर-दूर से भक्त दर्शन के लिए आते हैं। प्रसिद्ध समाजसेवी एवं जयराम अस्पताल के प्रधान कैलाश सिंगला ने कहा कि बस यात्रा पिछले पांच वर्षों से लगातार चलाई जा रही है। इस अवसर पर महासचिव दीपक सिंगला, उपप्रधान कृष्ण गर्ग, वरिष्ठ सदस्य सतीश गर्ग, अर्जुन गोयल, राजेंद्र शर्मा, नरेश बंसल, देवीराम गर्ग, चिराग गर्ग, अनुराग गर्ग सहित मां बनभौरी धाम के अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे।

आईटीआई में कैंपस प्लेसमेंट में 52 अभ्यर्थियों ने लिया भाग

- मशीनिस्ट, फिटर और कोपा ट्रेड के प्रशिक्षुओं को मिला रोजगार व अप्रेंटिसशिप का अवसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



जींद। कैंपस प्लेसमेंट के दौरान चयनित अभ्यर्थी।

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) जींद में आयोजित रोजगार एवं अप्रेंटिसशिप कैंपस प्लेसमेंट में 52 अभ्यर्थियों ने भाग लिया। जिनमें से 40 का चयन किया गया। कैंपस प्लेसमेंट में मैसर्ज सोना एग्री सॉल्यूशन जींद ने भाग लेकर मशीनिस्ट, फिटर और कोपा ट्रेड के प्रशिक्षुओं को रोजगार और अप्रेंटिसशिप के अवसर उपलब्ध करवाए। संस्थान में यह आयोजन प्रधानाचार्य प्रवेश कुमार के मार्गदर्शन में किया गया।

प्रधानाचार्य प्रवेश कुमार ने चयनित अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कैंपस प्लेसमेंट प्रशिक्षुओं को सीधे उद्योगों से जोडऩे और उन्हें रोजगार व अप्रेंटिसशिप के बेहतर अवसर उपलब्ध करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर प्लेसमेंट एवं शिक्षुता शाखा से वर्ग अनुदेशक सोनू राम, ललित खटकड़, श्रवण कुमार, विनोद सैनी सहित संस्थान के अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

पैक्स कर्मचारियों के अनिश्चितकालीन धरने को कर्मचारी संघ ने दिया समर्थन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



कैथल। कैथल में धरना देते पैक्स कर्मचारी। *फोटो :हरिभूमि*

दि पैक्स कर्मचारी संघ, जिला कैथल के आह्वान पर पैक्स कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर सोमवार को जिला केंद्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड, कैथल के प्रांगण में अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया। आंदोलन को सर्व कर्मचारी संघ ने भी अपना समर्थन दिया है। पैक्स कर्मचारी संघ के प्रधान कुलदीप माजरा ने कहा कि कर्मचारी लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर संबंधित अधिकारियों का ध्यान आकर्षित करते आ रहे हैं, लेकिन समस्याओं का समाधान नहीं होने के कारण उन्हें आंदोलन शुरू करने के लिए मजबूर होना पड़ा है। कर्मचारी संघ की प्रमुख मांगों में वेतन में अनावश्यक कटौती बंद करना, कर्मचारियों को प्रत्येक माह की अंतिम तारीख तक समय पर वेतन देना तथा सचिवों के वेतन भुगतान से संबंधित वर्ष 2006 के आदेशों के अनुसार व्यवस्था लागू करना शामिल है। इसके अलावा डीसी रेट पर नियुक्त पैक्स कर्मचारियों को नियमित करने और पैक्स कर्मचारियों को जिला केंद्रीय सहकारी बैंक में पदोन्नति के अवसर प्रदान करने की मांग भी उठाई गई है। संघ ने जिला केंद्रीय सहकारी बैंक द्वारा पैक्स के अल्पकालीन कृषि ऋण से संबंधित ब्याज की गणना और वित्तीय कटौतियों की समीक्षा कराने की मांग की है।

प्रगतिशील समाज ने वितरित की महाराजा अग्रसेन मेधावी विद्यार्थी छात्रवृत्ति

नरवाना। शहर की सामाजिक संस्था प्रगतिशील समाज ने महाराजा अग्रसेन जंयती के अवसर पर आठवां मेधावी विद्यार्थी छात्रवृत्ति वितरण किया। समाज के सचिव निखिल हैप्पी ने जानकारी दी कि महाराजा अग्रसेन की समाजोपयोगी विचारधारा से प्रेरित होकर संस्था पिछले आठ वर्षों से छात्रवृत्ति वितरण करती आ रही है। गीता गर्ग ने सुंदर भजन से कार्यक्रम का आगाज किया। राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त शिक्षक नरेन्द्र गर्ग ने ऐसे कार्यक्रम की आवश्यकता को रेखांकित किया। मोहन लाल गर्ग ने सम्मानित छात्रों का हौसला बढ़ाया। इंजीनियर सुमित गर्ग ने महाराजा अग्रसेन के विचारों की आज के युग में प्रासंगिकता पर बल दिया। वैश्य समाज के प्रधान अर्जुन गोयल को उनके सामाजिक कार्यों में उत्कृष्ट योगदान के लिए अग्रकुल शिरोमणि सम्मान से विभूषित किया। चिराग, वंश, सुनिधि, ईशिका और दीपिका को 5100 प्रत्येक की छात्रवृत्ति और स्मृति चिह्न से सम्मानित किया गया। संचालन प्रोफेसर शालू गर्ग ने प्रभावी ढंग से किया। इस अवसर पर दिनेश गोयल, कर्मचंद मित्तल, संजय मित्तल, जोगेन्द्र शर्मा,अनिल वत्स, यश गुप्ता,राजीव गुप्ता, पार्षद सतीश गोयल, नरेन्द्र माणा, राजेश गुप्ता, रश्मि भारद्वाज, पुनीत जैन,नत्थू राम इत्यादि गणमान्य उपस्थित रहे।



नरवाना। बच्चों को सम्मानित करते हुए प्रगतिशील समाज के सदस्य।

महापंचायत में नशे से दूरी व शादियों में फिजूलखर्ची रोकने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



गांव पांडु पिंडारा की पावन धरा पर पांचाल महापंचायत में समाज सुधार और सामाजिक एकता को मजबूत करने के लिए तीन प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए। श्री विश्वकर्मा पांचाल ब्राह्मण धर्मशाला में आयोजित महापंचायत में समाज के प्रतिनिधियों ने नशामुक्ति को बढ़ावा देने, शादी और अन्य सामाजिक रस्मों में फिजूलखर्ची रोकने तथा आपसी मतभेद दूर करने के लिए समन्वय समिति गठित करने का संकल्प लिया। महापंचायत में हरियाणा, दिल्ली, चंडीगढ़, मुजफ्फरनगर और गाजियाबाद सहित विभिन्न क्षेत्रों से करीब 300 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। महापंचायत का आयोजन समाज सुधारक आर्य संन्यासी स्वामी भीष्म महाराज की कर्मस्थली पर किया गया। इसकी अध्यक्षता कैप्टन गंगाराम पांचाल सोनीपत और पूर्व सैनिक अमन गौड़ गुरुग्राम ने की। शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा के निजी सचिव गुलाब सिंह पांचाल ने मंच संचालन किया। महापंचायत के संयोजक रामदिया पांचाल, सह संयोजक पंडित रविदत्त शास्त्री और मुख्त्यार सिंह दांगी रहे। एक प्रस्ताव के तहत समाज में आपसी मतभेद दूर करने और एकता को मजबूत करने के उद्देश्य से पूर्व सैनिक अमन गौड़, गुरुग्राम की अध्यक्षता में समन्वय समिति का गठन किया गया। समन्वय समिति समाज की सत्ता में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए भी प्रयास करेगी।

हेरोइन व गांजा सहित दो नशा तस्कर काबू

कैथल। एंटी नारकोटिक सेल की टीम ने अलग-अलग दो मामलों में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को नशीले पदार्थों सहित काबू किया है। एंटी नारकोटिक सेल प्रभारी एसआई प्रदीप कुमार की अगुवाई में एएसआई जसमेर सिंह की टीम सीवन क्षेत्र में गश्त कर रही थी। टीम ने वाल्मीकि चौपाल, सीवन के पास दबिश देकर दीपक निवासी सीवन को काबू किया। उसकी जेब में एक पन्नी से 10.12 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) बरामद हुई। दूसरे मामले में एंटी नारकोटिक सेल के एएसआई अनिल कुमार की टीम गांव क्योड़क क्षेत्र में गश्त पर थी। टीम ने बाल्मीकि बस्ती, क्योड़क में दबिश देकर लीला उर्फ लीलू उर्फ लाडी को काबू किया। तलाशी के दौरान आरोपी के हाथ में पकड़े काले रंग के पॉलीथिन से 1 किलो 120 ग्राम गांजा फूल-पत्ती बरामद हुई।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295154800, 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

हिंदू कन्या कॉलेज में नौ दिवसीय संगीतमय रामायण पाठ शुरू

प्रभु राम की कथा आदर्श जीवन जीने की बड़ी शिक्षा : पवन गर्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



जींद। श्री राम कथा के शुभारंभ के दौरान पूजा अर्चना करते हुए मुख्य अतिथि पवन गर्ग व अन्य श्रद्धालु। *फोटो :हरिभूमि*

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं प्रमुख समाज सेवी पवन गर्ग ने कहा कि भगवान राम की कथा हमें एक आदर्श, मर्यादित और धार्मिक जीवन जीने की सबसे बड़ी शिक्षा देती है। उनका पूरा जीवन इस बात का प्रतीक है कि चाहे कितनी भी मुश्किलें आएं, इंसान को कभी भी अपने कर्तव्य, धैर्य और सच्चाई का रास्ता नहीं छोड़ना चाहिए। भगवान राम ने हमेशा अपने निजी सुखों से ऊपर अपने कर्तव्य को रखा। पिता के वचन को निभाने के लिए उन्होंने बिना किसी शिकायत के राजपाठ छोड़ दिया और 14 वर्ष के वनवास पर चले गए। यह सिखाता है कि माता-पिता का सम्मान करना और अपने वचनों को निभाना सबसे बड़ा धर्म है। जींद में जेसीआई एल्यूमिनी क्लब द्वारा हिंदू कन्या कॉलेज में नौ दिवसीय संगीतमय रामायण पाठ के शुभारंभ पर बतौर मुख्यअतिथि पवन गर्ग ने यह शब्द कहे। इस दौरान क्लब के पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथि को सम्मान स्वरूप स्मृति चिन्ह भेंट किया। अयोध्या धाम से आए हुए कथाव्यास मधुरेश दास ने श्रीराम की महिमा का गुणगान किया। इस दौरान आये हुए सैंकड़ो श्रद्धालुओं को रामायण निशुल्क प्रदान की गई। मुख्यअतिथि पवन गर्ग ने कहा कि जेसीआई एल्यूमिनी क्लब दिव्यांग कन्याओं का सामूहिक विवाह कराने जा रहा है। गर्ग ने कहा कि दिव्यांग कन्याओं के विवाह में सहयोग लेने के लिए इसी क्लब ने जींद में हास्य कवि सम्मेलन आयोजित किया था। उस समारोह में भी बतौर मुख्य अतिथि पहुंचकर वहां मौजूद लोगों की भावनाओं को भांपा तो यह तस्वीर उभर कर आई कि जींद के प्रबुद्ध लोग बड़े दरिया दिल है। वहां मौजूद सैकड़ों लोगों ने दिव्यांग कन्याओं के विवाह समारोह में भरपूर सहयोग देने का आश्वासन दिया था।

अंत में जीत हमेशा अच्छाई की होती है

गर्ग ने कहा कि राम कथा का सबसे बड़ा सार यही है कि बुराई चाहे कितनी भी ताकतवर क्यों न हो, अंत में जीत हमेशा सच्चाई और अच्छाई की ही होती है। भगवान राम चाहते तो अपनी शक्ति से रावण को अकेले भी हरा सकते थेए लेकिन उन्होंने वानर सेनाए सुग्रीव और हनुमान को साथ लेकर एक आम इंसान की तरह लड़ाई लड़ी। यह हमें सिखाता है कि एकता, भाईचारे और आपसी सहयोग से बड़े से बड़ा संकट भी दूर किया जा सकता है। इसलिए समाज को मजबूती देने के लिए हर किसी को भाईचारे के साथ आगे बढऩा होगा। जो जरूरतमंद है उसके सहयोग के लिए अपने हाथ आगे बढ़ाने होंगे।

ये रहे मौजूद

इस अवसर पर जेसीआई से जुड़े प्रमोद कुमार, मुकेश सिंगला, नितिन गोयल, प्रवीण सैनी, राहुल सिंगला, अशोक जिंदल, डा. जितेंद्र पाल, राजवीर कौशल, आशीष सिंगला, संजय जिंदल आदि सदस्य मुख्य रूप से उपस्थित रहे।